भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *63
जिसका उत्तर दिनांक 26.06.2019 को दिया जाना है

## विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की मात्रा

*63. श्री संतोख सिंह चौधरी :
डॉ. संजय जायसवाल :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में लोगों की विद्युत ऊर्जा की कुल आवश्यकता कितनी है और वास्तविक विद्युत उत्पादन का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश के कुल विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की मात्रा और प्रतिशत हिस्सेदारी कितनी है;

(ग) क्या कुल विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का अंश बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाये जा रहे हैं यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्रमश: प्रत्येक एक मेगावाट सौर ऊर्जा, जल विद्युत, परमाणु विद्युत तथा ताप विद्युत का उत्पादन करने में आने वाली वित्तीय लागत का तुलनात्मक ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) से (ङ) तक विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

*******

**भारत सरकार**

**परमाणु ऊर्जा विभाग**

"विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की मात्रा" के संबंध में श्री संतोख सिंह चौधरी तथा डॉ. संजय जायसवाल द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *63, जिसका उत्तर दिनांक 26.06.2019 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण

---

(क) पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष 2019-20 (मई 2019 तक) के दौरान ऊर्जा की आवश्यकता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में संलग्न है । पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष 2019-20 (मई 2019 तक) के दौरान देश में 25 मेगावाट और उससे अधिक संस्थापित क्षमता वाले परम्परागत स्रोतों से विद्युत उत्पादन का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में संलग्न है ।

(ख) पिछले पाँच वर्षों में और चालू वर्ष 2019-20 (मई 2019 तक) में देश के कुल विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की मात्रा और प्रतिशत हिस्सेदारी का ब्यौरा **अनुलग्नक-III** में संलग्न है । देश के कुल विद्युत उत्पादन में नाभिकीय ऊर्जा की हिस्सेदारी वर्ष 2018-19 में लगभग 3% थी ।

(ग) जी, हाँ । नाभिकीय विद्युत उत्पादन की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने नाभिकीय विद्युत क्षमता बढ़ाने और पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने के लिए कई कदम उठाए हैं । इनमें :

(i) नाभिकीय क्षति हेतु असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी) और भारतीय नाभिकीय बीमा पूल के सृजन (आईएनआईपी) से संबंधित मुद्दों का समाधान ।

(ii) फ्लीट मोड में स्थापित किए जाने वाले दस (10) स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) और रूसी परिसंघ के सहयोग से स्थापित किए जाने वाले साधारण जल रिएक्टरों (एलडब्ल्यूआर) की दो (2) यूनिटों को प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय संस्वीकृति प्रदान करना ।

(iii) परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन करना जिससे नाभिकीय विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम सम्भव हो सके ।

(iv) ईंधन की आपूर्ति सहित नाभिकीय ऊर्जा सहयोग के लिए विदेशी देशों के साथ समर्थकारी करार करना शामिल है ।

(घ) 1 मेगावाट सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) विद्युत संयंत्र की पूंजीगत लागत रुपए 4 से 5 करोड़ के बीच है । वर्तमान में निर्माणाधीन ताप विद्युत परियोजनाओं के संबंध में पूंजीगत लागत प्रति मेगावाट लगभग रुपए 5 करोड़ से रुपए 10 करोड़ के बीच है । इसी प्रकार, वर्तमान में निर्माणाधीन पनबिजली परियोजनाओं की पूंजीगत लागत में काफी अंतर है, यह लागत प्रति मेगावाट रुपए 4 करोड़ से लेकर रुपए 20 करोड़ तक है ।

नाभिकीय ऊर्जा के संबंध में स्वदेशी 700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर की पूर्ण लागत लगभग रुपए 15 करोड़ प्रति मेगावाट है । विदेशी सहयोग से स्थापित किए जाने वाले रिएक्टरों की प्रति मेगावाट लागत, अपनाए गए बिजनेस मॉडल पर निर्भर करती है । तथापि, नाभिकीय ऊर्जा के ऊर्जा (ईंधन) लागत घटक के कम रहने के फलस्वरूप नाभिकीय ऊर्जा द्वारा उत्पादित विद्युत का प्रशुल्क ताप विद्युत जैसे अन्य समसामयिक बेस लोड उत्पादकों के बराबर ही है ।

(ङ) वर्तमान नीति (सरकार की समेकित एफडीआई नीति) के अनुसार परमाणु ऊर्जा निषिद्ध क्षेत्रों की सूची में है। तथापि, नाभिकीय विद्युत संयंत्रों और सम्बद्ध अन्य सुविधाओं के लिए उपकरणों के विनिर्माण और अन्य आपूर्तियाँ उपलब्ध कराने हेतु नाभिकीय उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है ।

*****

अनुलग्नक-I

राज्य-वार ऊर्जा की आवश्यकता (मिलियन यूनिट में)

| राज्य/सिस्टम/क्षेत्र | 2019-20 (मई *2019 तक) | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 | 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 271 | 1,571 | 1,610 | 1645 | 1,607 | 1,616 |
| दिल्ली | 6,065 | 32,299 | 31,826 | 30829 | 29,626 | 29,231 |
| हरियाणा | 8,679 | 53,665 | 50,775 | 48895 | 47,506 | 46,615 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,654 | 9,850 | 9,399 | 8831 | 8,821 | 8,807 |
| जम्मू-कश्मीर | 3,364 | 18,988 | 18,808 | 17398 | 16,572 | 16,214 |
| पंजाब | 8,475 | 55,328 | 54,812 | 53098 | 49,687 | 48,629 |
| राजस्थान | 13,313 | 79,815 | 71,194 | 67838 | 67,417 | 65,717 |
| उत्तर प्रदेश | 22,897 | 1,17,133 | 1,20,052 | 107569 | 1,06,351 | 1,03,179 |
| उत्तराखण्ड | 2,449 | 13,845 | 13,457 | 13069 | 12,889 | 12,445 |
| **उत्तरी क्षेत्र** | **67,166** | **3,82,493** | **3,71,934** | **349172** | **3,40,476** | **3,32,453** |
| छत्तीसगढ़ | 5,765 | 26,471 | 25,916 | 23750 | 25,649 | 21,499 |
| गुजरात | 21,748 | 1,16,372 | 1,09,984 | 103706 | 1,03,544 | 96,235 |
| मध्य प्रदेश | 12,735 | 76,056 | 69,925 | 65759 | 62,374 | 53,374 |
| महाराष्ट्र | 29,295 | 1,58,295 | 1,49,761 | 139295 | 1,41,817 | 1,34,897 |
| दमन एवं दीव | 443 | 2,558 | 2,534 | 2398 | 2,337 | 2,086 |
| दादर नागर हवेली | 1,106 | 6,303 | 6,168 | 6021 | 5,925 | 5,307 |
| गोआ | 801 | 4,295 | 4,117 | 4319 | 5,120 | 3,969 |
| **पश्चिमी क्षेत्र** | **71,893** | **3,90,349** | **3,68,405** | **345247** | **3,46,768** | **3,17,367** |
| आंध्र प्रदेश | 11,709 | 63,861 | 58,384 | 54300 | 50,436 | 59,198 |
| तेलंगाना | 10,772 | 66,489 | 60,319 | 53030 | 50,254 | 43,337 |
| कर्नाटक | 13,569 | 71,764 | 67,869 | 66899 | 64,302 | 62,643 |
| केरल | 4,888 | 25,016 | 25,002 | 24296 | 23,318 | 22,459 |
| तमिल नाडु | 20,031 | 1,09,482 | 1,06,006 | 104511 | 97,276 | 95,758 |
| पुडुचेरी | 517 | 2,766 | 2,668 | 2548 | 2,437 | 2,402 |
| लक्षद्वीप # | 8 | 46 | 47 | 48 | 48 | 48 |
| **दक्षिणी क्षेत्र** | **61,486** | **3,39,377** | **3,20,248** | **305588** | **2,88,025** | **2,85,797** |
| बिहार | 5,662 | 30,061 | 27,019 | 25711 | 23,961 | 19,294 |
| डीवीसी | 3,757 | 22,745 | 21,549 | 18929 | 18,437 | 18,222 |
| झारखंड | 1,505 | 8,737 | 7,907 | 7960 | 7,735 | 7,599 |
| ओडिशा | 5,261 | 32,145 | 28,802 | 26758 | 26,762 | 26,482 |
| पश्चिम बंगाल | 9,920 | 51,471 | 50,760 | 47948 | 47,359 | 47,086 |
| सिक्किम | 78 | 527 | 485 | 475 | 399 | 399 |
| अंडमान-निकोबार # | 58 | 346 | 328 | 240 | 240 | 240 |
| **पूर्वी क्षेत्र** | **26,182** | **1,45,686** | **1,36,522** | **127783** | **1,24,654** | **1,19,082** |
| अरुणाचल प्रदेश | 127 | 869 | 799 | 729 | 626 | 677 |
| असम | 1,573 | 9,566 | 9,094 | 9020 | 8,762 | 8,527 |
| मणिपुर | 135 | 905 | 874 | 764 | 840 | 705 |
| मेघालय | 336 | 1,957 | 1,557 | 1715 | 1,833 | 1,930 |
| मिजोरम | 100 | 643 | 497 | 514 | 471 | 455 |
| नागालैंड | 124 | 888 | 794 | 757 | 755 | 688 |
| त्रिपुरा ## | 292 | 1,863 | 2,602 | 1644 | 1,202 | 1,242 |
| **उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र** | **2,686** | **16,691** | **16,216** | **15140** | **14,488** | **14,224** |
| **सम्पूर्ण भारत** | **2,29,413** | **12,74,595** | **12,13,326** | **1142928** | **11,14,408** | **10,68,923** |

* अनंतिम डाटा

# लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार द्वीप स्टैंड-एलोन सिस्टम है. इनकी विद्युत आपूर्ति स्थिति क्षेत्रीय आवश्यकता और आपूर्ति का भाग नहीं है ।

## बांग्लादेश को की गई आपूर्ति शामिल नहीं है ।

नोट : विद्युत आपूर्ति स्थिति रिपोर्ट राज्य इकाइयों/विद्युत विभागों द्वारा प्रस्तुत डाटा के आधार पर संकलित की गई है ।

अनुलग्नक-II

## पिछले पांच और चालू वर्षों के दौरान राज्य-वार उत्पादन (मई 2019 तक )

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 31.05.2019 को मॉनीटर की गई क्षमता (मेगावाट में) | उत्पादन (मिलियन यूनिट में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-20 (मई 2019 तक )* | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 | 2014-15 |
| अंडमान निकोबार | 40.05 | 19.89 | 120.73 | 258.79 | 215.56 | 182.85 | 153.76 |
| आंध्र प्रदेश | 17657.20 | 11473.46 | 62049.76 | 61851.80 | 65248.16 | 58230.59 | 45245.42 |
| अरुणाचल प्रदेश | 515.00 | 235.78 | 1399.02 | 1416.74 | 1249.01 | 1280.25 | 1109.48 |
| असम | 1669.21 | 1372.33 | 7021.16 | 5972.12 | 5981.37 | 4522.12 | 4299.84 |
| बीबीएमबी | # | # | # | 5134.02 | 5168.27 | 5892.62 | 5268.15 |
| भूटान (आईएमपी) | - | 592.70 | 4406.62 | 4778.33 | 5617.34 | 5244.21 | 5007.74 |
| बिहार | 5730.00 | 5700.46 | 32170.52 | 28440.03 | 24514.85 | 20827.01 | 18272.27 |
| छत्तीसगढ़ | 23448.00 | 20553.28 | 115714.33 | 110041.76 | 105686.18 | 89513.29 | 79710.57 |
| दिल्ली | 2343.40 | 938.15 | 7136.04 | 7048.70 | 6253.26 | 6206.10 | 8722.83 |
| डीवीसी | 7233.20 | 7250.07 | 36857.25 | 35950.56 | 33566.47 | 28029.93 | 25551.11 |
| गोआ | 48.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 12.61 |
| गुजरात | 25473.41 | 19424.51 | 96591.35 | 96519.87 | 99748.61 | 104917.26 | 105538.54 |
| हरियाणा | 5971.59 | 2881.13 | 25435.43 | 26605.97 | 18890.44 | 22247.14 | 28748.61 |
| हिमाचल प्रदेश | 7044.02 | 5325.15 | 26931.50 | 28921.17 | 27326.86 | 27620.06 | 23826.95 |
| जम्मू-कश्मीर | 3624.00 | 3860.98 | 16541.58 | 14937.56 | 15377.69 | 15136.15 | 14485.02 |
| झारखंड | 2380.00 | 2390.84 | 13453.31 | 13997.33 | 14727.43 | 15933.67 | 14621.88 |
| कर्नाटक | 14157.32 | 9016.43 | 49756.96 | 44668.81 | 43766.67 | 47553.25 | 50163.29 |
| केरल | 2550.04 | 1313.48 | 7325.09 | 5248.02 | 4130.61 | 6653.34 | 8034.17 |
| मध्य प्रदेश | 22020.00 | 21782.50 | 121677.77 | 111173.47 | 98239.84 | 95361.99 | 74822.34 |
| महाराष्ट्र | 33540.08 | 25873.78 | 137023.78 | 124468.30 | 118451.85 | 117622.94 | 107699.34 |
| मणिपुर | 141.00 | 70.89 | 602.61 | 837.74 | 741.07 | 536.64 | 372.44 |
| मेघालय | 372.00 | 146.65 | 1133.35 | 1401.03 | 916.70 | 1035.99 | 863.15 |
| मिजोरम | 60.00 | 7.89 | 168.44 | 78.37 | - | - | - |
| नागालैंड | 75.00 | 5.54 | 231.47 | 274.39 | 258.94 | 163.14 | 165.15 |
| ओडिशा | 9822.25 | 8236.66 | 46824.37 | 46512.83 | 55841.18 | 57221.80 | 51332.44 |
| पुडुचेरी | 32.50 | 42.61 | 229.88 | 226.45 | 246.84 | 227.59 | 102.14 |
| पंजाब | 9541.30 | 6405.55 | 39676.71 | 34180.16 | 31421.03 | 28736.60 | 27784.71 |
| राजस्थान | 11774.13 | 9253.24 | 56978.26 | 51643.61 | 51792.17 | 53947.35 | 54185.92 |
| सिक्किम | 2169.00 | 1978.11 | 9022.07 | 8887.99 | 4330.40 | 3551.92 | 3345.29 |
| तमिल नाडु | 18507.08 | 13982.21 | 83778.51 | 82386.30 | 84581.68 | 76406.83 | 71418.41 |
| तेलंगाना | 10048.10 | 9419.97 | 51057.09 | 49913.97 | 43391.23 | 36868.20 | 40901.97 |
| त्रिपुरा | 1132.10 | 1202.32 | 6630.85 | 5999.27 | 5873.89 | 5109.38 | 3824.44 |
| उत्तर प्रदेश | 24183.74 | 22773.05 | 122772.40 | 128542.28 | 120142.11 | 111329.53 | 111901.74 |
| उत्तराखंड | 4206.35 | 2831.23 | 14995.36 | 15606.60 | 14250.54 | 12765.92 | 11439.22 |
| पश्चिम बंगाल | 10883.00 | 9649.43 | 53623.13 | 52361.91 | 52192.69 | 46946.62 | 49742.02 |
| **कुल योग** | **278392.07** | **226010.27** | **1249336.70** | **1206306.25** | **1160140.94** | **1107822.28** | **1048672.96** |

* **वास्तविक - सह- आकलन आधार पर अनंतिम**

नोट :

1. ऊपर दिए गए आंकड़े संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में भौगोलिक रुप से स्थित सभी बिजलीघरों (केन्द्रीय, राज्य और प्राइवेट क्षेत्र) के कुल विद्युत उत्पादन को दर्शाते हैं

2. 25 और उससे अधिक मेगावाट के परम्परागत स्रोत (तापीय, पनबिजली और नाभिकीय) स्टेशनों का कुल विद्युत उत्पादन है ।

3. # 2018-19 से स्टेशनों के संबंधित राज्यों के जल उत्पादन/क्षमता में बीबीएमबी उत्पादन/क्षमता शामिल की गई है ।

**अनुलग्नक-III**

**पिछले पाँच और चालू वर्षों के दौरान राज्य-वार और श्रेणी-वार उत्पादन (मई तक)**

| श्रेणी | 31.05.2019 को मॉनीटर की गई क्षमता (मेगावाट में) | उत्पादन (मिलियन यूनिट में) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-20 (मई 2019 तक)* | % 2019-20 (मई 2019 तक)* | 2018-19 | कुल का % 2018-19 | 2017-18 | कुल का % 2017-18 | 2016-17 | कुल का % 2016-17 | 2015-16 | कुल का % 2015-16 | 2014-15 | कुल का % 2014-15 |
| तापीय | 226212.85 | 193323.82 | 85.54 | 1072223.88 | 85.82 | 1037059.10 | 85.97 | 994230.17 | 85.70 | 943787.70 | 85.19 | 878320.03 | 83.76 |
| नाभिकीय | 6780.00 | 6941.95 | 3.07 | 37812.59 | 3.03 | 38346.12 | 3.18 | 37915.87 | 3.27 | 37413.62 | 3.38 | 36101.54 | 3.44 |
| पनबिजली | 45399.22 | 25151.80 | 11.13 | 134893.61 | 10.80 | 126122.70 | 10.46 | 122377.56 | 10.55 | 121376.75 | 10.96 | 129243.65 | 12.32 |
| भूटान आयात | - | 592.70 | 0.26 | 4406.62 | 0.35 | 4778.33 | 0.40 | 5617.34 | 0.48 | 5244.21 | 0.47 | 5007.74 | 0.48 |
| **कुल योग** | **278392.07** | **226010.27** | | **1249336.70** | | **1206306.25** | | **1160140.94** | | **1107822.28** | | **1048672.96** | |

* वास्तविक - सह- आकलन आधार पर अंनतिम

**नोट :** 1. 25 और उससे अधिक मेगावाट के परम्परागत स्रोत (तापीय, पनबिजली और नाभिकीय) स्टेशनों का कुल विद्युत उत्पादन